नगर आयुक्त द्वारा सार्वजनिक शौचालय तथा नालों का भृमण कर दिए सख्त निर्देश

शाहजहांपुर। नगर क्षेत्र के अजीजगंज मोक्षधाम के पास बने नाले एवं सार्वजनिक षौचालय व जनता इण्टर कॉलेज के पास बने नाले का किया गया निरीक्षण। नगर आयुक्त नगर क्षेत्र के अजीजगजं मोक्षधाम के पास पूर्व एवं पश्चिम में बने नालें की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा पूर्वी नाले का पानी बिल्कूल साफ बहता पाया गया व पूर्वी नाले में मिट्टी का भराव किनारे से कट गया हैए जिसको देख नगर आयुक्त द्वारा मिट्टी का भराव तत्काल प्रभाव से भराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। जिससे नालों की दीवारें सुरक्षित रह सकें। गर्रा मोक्षधाम के पास ही बने पश्चिमी नाले का निरीक्षण किया गया। जिसमें नालें का पानी ठीक तरह से बहता हुआ पाया गया। नाले के एक स्थान पर ही ईटों के टुकड़े तथा ईंट-पत्थर पाये गये, जिसे देखकर नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा नाले में पड़े मलवे को तत्काल हटाये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नालें के आसपास ग्रील लगाकर वृक्षारोपण किये जाने हेतु निर्देषित किया गया।

बेबीनार के माध्यम से नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

शाहजहांपुर। यूनिसेफ लखनऊ द्वारा गाँधी भवन प्रेक्षाग्रह में कोविड.19 के संक्रमण के विरुद्व जागरुकता, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर आयुक्त के निर्देष पर नगर निगम के अधिकारियोंए सफाई नायकों व सहायक सफाई नायकों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। आयोजित कार्यक्रम में यूनिसेफ द्वारा बेबिनार के माध्यम से बताया गया कि कोविड.19 के दौरान सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ जनसामान्य एवं पात्र लोगों तक उपलब्ध कराने के उद्देष्य से एक पहल का षुभारम्भ किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में यूनिसेफ द्वारा बेबिनार के माध्यम से नगर निगम के सफाई नायकों व सहायक सफाई नायकों को कोविड व्यवहार से संबन्धित जागरुकता गतिविधियांए कोविड वैक्सीनेषन तथा सामाजिक सुरक्ष स्वास्थ्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के विभिन्न मानकों लिये प्रषिक्षित किया गया। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ताए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ओ०पी० गौतमए समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमारए हरवंष कुमार दीक्षितए राजमगंल सिंहए चन्द्रवीर सिंह सागरए सुनील कुमार षाक्य एवं समस्त सफाई नायक उपस्थित रहें।